सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 21 | इंदौर, सोमवार 10 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

●एमपी के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात

## भोपाल के कई इलाकों में जलभराव

### विदिशा-रायसेन, सीहोर-शाजापुर में घरों में पानी घुसा



**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने के बाद कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। भोपाल, सीहोर, रायसेन, शाजापुर, विदिशा, शिवपुरी, हरदा और शुजालपुर समेत कई जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।**

भोपाल समेत कई जिलों में रविवार रात से तेज बारिश हो रही है। राजधानी की कई कॉलोनियों और अपोलो हॉस्पिटल के आसपास भी जलभराव की स्थिति है। सुबह बीच सड़क पर पेड़ गिरने से VIP रोड पर जाम लग गया। बारिश को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने भोपाल में स्कूलों की छुट्टी का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, आदेश जारी होने से पहले कई बच्चे स्कूल पहुंच चुके थे, जिन्हें वापस लौटना पड़ा।

सीहोर में बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और कई रास्ते बंद हो गए हैं। श्यामपुर, चरनाल, झरखेड़ा और छतरी में मकानों में पानी भर गया, जबकि छापरी में दो मकानों के मामूली रूप से गिरने की सूचना है। रायसेन का रामलीला मैदान जलमग्न हो गया है। विदिशा में भी सड़कों पर पानी भर रहा है।

शाजापुर में सावन के दूसरे सोमवार को 6 घंटे में करीब 4 इंच बारिश दर्ज हुई। शुजालपुर में तड़के 3 बजे से तेज बारिश के बाद किसानों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। शिवपुरी के कोलारस में करीब दो घंटे झमाझम बारिश हुई, वहीं हरदा में रविवार शाम से बारिश जारी है। मौसम विभाग ने सोमवार को 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम केंद्र (IMD) के मुताबिक, सोमवार को राजगढ़, विदिशा, सीहोर, हरदा और देवास में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, खंडवा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, जबलपुर, गुना, शिवपुरी और श्योपुर में भारी बारिश का अलर्ट है।

इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खरगोन, झाबुआ, नीमच, मंदसौर, रतलाम, ग्वालियर, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश जारी रह सकती है।



### 'आपकी उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा': CWG पदक विजेताओं से मिले पीएम मोदी, शानदार प्रदर्शन के लिए दी बधाई



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "हर घर तिरंगा अभियान-तिरंगा यात्रा" का किया शुभारंभ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में टी.टी. नगर स्टेडियम से विशाल तिरंगा के साथ आरंभ हुई तिरंगा यात्रा

- डॉ. यादव की फोटो लेने के लिए छात्र-छात्राओं के बीच लगी होड़
- प्रदेशवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने का किया आव्हान
- प्रदेश में उत्साह और उमंग के साथ आरंभ हुई हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर घर तिरंगा अभियान - तिरंगा यात्रा का तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टी.टी. नगर स्टेडियम में तिरंगा यात्रा आरंभ करने की विधिवत घोषणा की तथा तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे, पहले मुख्यमंत्री निवास पर तिरंगा लगाया और वे 'हर घर तिरंगा अभियान'' के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री निवास से तिरंगा लेकर रवाना हुए। मुख्यमंत्री निवास का समस्त स्टॉफ हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में समत्व भवन तक पैदल पहुंचा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवास से मोटरसाइकिल पर तात्या टोपे स्टेडियम के लिए रवाना हुए। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, वरिष्ठ विधायक एवं अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया भारत के सामर्थ्य का कर रही है अनुभव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया बदलते दौर के भारत के सामर्थ्य का अनुभव कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं। अमृतकाल@2047 के आते-आते भारत अपनी पूर्ण शक्ति के साथ 'जियो और जीने दो' तथा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के ध्येय वाक्य के बलबूते पर अपने उद्दात्त विचारों के साथ विश्व का अग्रणी देश बने यही हमारी कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वहारा वर्ग के कल्याण और देश के सभी नागरिकों की बेहतरीन के भाव के साथ हम आजादी का आनंद अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें और यह कामना करें कि हमारी स्वतंत्रता चिर अमर रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठजन और बहनों सहित समाज के सभी वर्गों से उत्साह-उमंग केसाथ शामिल होने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों और देश की सेवा भी करते रहें।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में टी.टी. नगर स्टेडियम से तिरंगा यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सेवी संगठनों के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, न्यू मार्केट और माता मंदिर क्षेत्र के व्यापरी, और स्थानीय जन शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा स्टेडियम से महाराणा प्रताप लोक, टीन शेड, सांदीपनि विद्यालय टी.टी नगर पहुंची। यहां से मुख्यमंत्री डॉ. यादव मोटर साइकिल पर तिरंगा लेकर रवाना हुए और न्यू मार्केट, रोशनपुरा, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति सहित अन्य संस्थानों ने बैण्ड पर प्रस्तुत देशभक्ति धुनों के बीच पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत-अभिवादन किया।

### प्रदेश में 14 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर मीडिया से चर्चा में कहा कि आज ही के दिन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ था। महात्मा गांधी के आव्हान पर गुलामी के विरुद्ध आरंभ हुए इस निर्णायक संघर्ष ने अंग्रेजों की चूलें हिला दिला दी थीं। इस आंदोलन से विश्व ने भारत में आजादी की ललक देखी। देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों द्वारा दिए गए बलिदान और संघर्ष के साथ ही अहिंसक आंदोलन से पूरे देश में ज्वार उठा। इसी के परिणाम स्वरुप 5 सालों में ही अंग्रेजों को घोषित तिथि से पहले ही देश को आजादी देनी पड़ी। सभी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से ही भारत आजाद हुआ। 'हर घर तिरंगा अभियान' सभी स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। यह अभियान आज 9 अगस्त से आरंभ होकर 14 अगस्त तक चलेगा। प्रदेश के हर गांव, वार्ड, कस्बे, से लेकर राजधानी तक तिरंगा यात्राएं निकाली जाएगी और अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां होंगी।

न्याय व्यवस्था में करुणा, पुनर्वास और गरिमा को केंद्र में रखने का आह्वान

# नालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा—"कारागार के द्वार पर न्याय समाप्त नहीं होना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का दूसरा एवं अंतिम दिवस बाल-मित्रवत न्याय, बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास तथा कारागार से परे न्याय, पुनर्वास और समाज में पुनर्समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। सम्मेलन के दौरान न्याय व्यवस्था को अधिक मानवीय, समावेशी और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।**



दूसरे दिन के द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता माननीय श्री न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, भारत के सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) ने की। सत्र का विषय "Beyond Incarceration" था, जिसमें बंदियों, रिहा किए गए बंदियों तथा उनके परिवारों के लिए विधिक सहायता, पुनर्वास, पुनर्समावेशन और सामाजिक सहयोग को प्रभावी बनाने पर विचार किया गया। साथ ही NALSA-SPRUHA Scheme, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

## कारागार के द्वार पर न्याय समाप्त नहीं होना चाहिए

माननीय श्री न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने अपने संबोधन एवं सत्र की चर्चाओं के दौरान स्पष्ट किया कि अभिरक्षा में रह रहे व्यक्ति के लिए न्याय तक पहुंच केवल लंबित प्रकरण में विधिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं हो सकती।

उन्होंने विधिक जागरूकता, समयबद्ध विधिक उपचार, विधिक सहायता, Prison Lok Adalats, परिवार के सहयोग, पुनर्वास तथा समाज में सम्मानजनक पुनर्समावेशन को न्याय के व्यापक स्वरूप का आवश्यक हिस्सा बताया।

माननीय श्री न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने इस दृष्टिकोण पर विशेष जोर दिया कि कारागार की दीवारों के पीछे मौजूद व्यक्ति को केवल बंदी के रूप में नहीं, बल्कि एक मनुष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। उनके अनुसार बंदियों की गरिमा एवं अधिकारों की रक्षा, निरंतर विधिक सहायता तथा उनके परिवारों की चिंताओं का समाधान एक मानवीय और प्रभावी न्याय व्यवस्था के अनिवार्य घटक हैं।

## पुनर्वास ही न्याय की निरंतर प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा

सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि न्याय की प्रक्रिया कारावास के साथ समाप्त नहीं होती। परिवार का सहयोग, शिक्षा, कौशल विकास, आजीविका के अवसर, समुदाय की भागीदारी और मानसिक कल्याण ऐसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिनके द्वारा रिहा किए गए बंदियों को सम्मानपूर्वक अपना जीवन पुनर्निर्मित करने और समाज में वापस लौटने का अवसर मिल सकता है।

NALSA-SPRUHA Scheme, 2025 के माध्यम से रिहा किए गए बंदियों तथा कारागार में निरुद्ध व्यक्तियों के परिवारों के लिए सहायता तंत्र को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया गया। इस प्रक्रिया में पैरा-लीगल वालंटियर्स, विधिक सेवा संस्थाओं और Prison Lok Adalats की भूमिका को भी रेखांकित किया गया।

माननीय श्री न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता में हुई चर्चा ने यह संदेश स्पष्ट रूप से स्थापित किया कि कारागार न्याय व्यवस्था का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि पुनर्वास और पुनर्समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण है। न्याय व्यवस्था को व्यक्ति के साथ उसके कारावास के दौरान, रिहाई के समय तथा समाज में पुनः स्थापित होने की प्रक्रिया में भी जुड़े रहना आवश्यक है।

## बाल-मित्रवत न्याय व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर

सम्मेलन के दूसरे दिन के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता माननीय श्री न्यायमूर्ति एस.सी. शर्मा, न्यायाधीश, भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई। सत्र में NALSA (Child-Friendly Legal Services for Children) Scheme, 2024 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बच्चों के लिए संरक्षण, सहभागिता, विधिक सहायता, पुनर्वास एवं गरिमा सुनिश्चित करने वाली बाल-केंद्रित न्याय प्रणाली को मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ।

बच्चों के लिए विधिक सेवा इकाइयों को सुदृढ़ करने, संवेदनशील बच्चों की समय पर पहचान, जमीनी स्तर तक पहुंच तथा न्यायपालिका, विधिक सेवा संस्थाओं, बाल संरक्षण प्राधिकरणों और अन्य हितधारकों के बीच संस्थागत समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। POCSO मामलों में पीड़ित-केंद्रित एवं बाल-मित्रवत दृष्टिकोण, प्रभावी विधिक प्रतिनिधित्व, क्षतिपूर्ति, मनोसामाजिक सहयोग तथा पुनःआघात से संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

## न्याय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे—सम्मेलन का साझा संकल्प

दो दिवसीय सम्मेलन के समापन पर यह साझा दृष्टिकोण सामने आया कि न्याय तक पहुंच केवल न्यायालय कक्ष तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन सभी व्यक्तियों और समुदायों तक पहुंचनी चाहिए जो विधिक संरक्षण एवं सशक्तिकरण में विभिन्न बाधाओं का सामना कर रहे हैं।

सम्मेलन में जागरूकता, रोकथाम, विवाद समाधान, विधिक प्रतिनिधित्व, संरक्षण, पुनर्वास और पुनर्समावेशन को न्याय तक पहुंच की एक निरंतर श्रृंखला के रूप में देखा गया। मध्यस्थता एवं समुदाय आधारित विवाद समाधान, जनजातीय एवं वन समुदायों का विधिक सशक्तिकरण, बाल-मित्रवत न्याय तथा व्यापक कारागार विधिक सेवाओं को इस दृष्टिकोण के महत्वपूर्ण स्तंभ बताया गया।

सम्मेलन ने यह भी रेखांकित किया कि वास्तविक पहुंच का अर्थ सूचना की पहुंच भी है—जिसमें हिंदी, भारतीय सांकेतिक भाषा, ब्रेल तथा अन्य समावेशी माध्यमों में विधिक जानकारी उपलब्ध कराना शामिल है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की

समापन संबोधन में नालसा के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय श्री न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों, विशिष्ट अतिथियों, न्यायिक अधिकारियों, विधिक सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने विशेष रूप से मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मेलन के सफल आयोजन तथा सार्थक संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और न्याय तक पहुंच को मजबूत करने वाली नवाचारपूर्ण विधिक सेवा पद्धतियों को साझा करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

सम्मेलन का समापन इस साझा संकल्प के साथ हुआ कि न्याय केवल उपलब्ध नहीं, बल्कि सुलभ, सुबोध, समावेशी, गरिमापूर्ण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाला होना चाहिए। NALSA के मार्गदर्शन में पश्चिम क्षेत्र के विधिक सेवा संस्थानों ने ऐसे न्याय-तंत्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसमें गरीबी, सामाजिक असुरक्षा, भौगोलिक दूरी, कारावास, जागरूकता के अभाव अथवा किसी अन्य बाधा के कारण कोई व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे।

# इंदौर के स्टार्टअप्स के 'नभ रक्षक' ड्रोन ने पास किया सेना का कठिन ईडब्ल्यू ट्रायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारतीय सेना के लिए ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में इंदौर के स्टार्टअप्स एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। उनके द्वारा बनाए गए 'नभ रक्षक' ड्रोन ने शनिवार को रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित बेहद चुनौतीपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर (ईडब्ल्यू) जैमिंग ट्रायल सफलतापूर्वक पास कर लिया है।**



इस परीक्षण में ड्रोन ने स्टेज-1 और स्टेज-2 दोनों चरणों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसमें देशभर के 180 स्टार्टअप्स थे। अभिषेक मिश्रा (सीईओ, पिसार्व कंपनी) ने बताया कि यह परीक्षण सेना की साउथ वेस्टर्न कमांड की ओर से रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित किया गया था। परीक्षण के दौरान ऐसा वातावरण तैयार किया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के कारण ड्रोन के संचार और संचालन में बाधा उत्पन्न होने की चुनौती थी ऐसे चुनौतीपूर्ण और 'कंटेस्टेड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर एनवायरनमेंट' में भी 'नभ रक्षक' ने सहजता से उड़ान जारी रखी और निर्धारित परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा किया। कंपनी ऐसे ड्रोन डेवलप कर रही है, जिन्हें अत्यधिक इलेक्ट्रॉनिक जामिंग वाले वातावरण में भी ऑपरेशनल बनाए रखा जा सके। इन ड्रोन का उद्देश्य जैमिंग का सामना करते हुए अपने नियंत्रण और संचालन को बनाए रखना तथा दिए गए मिशन को पूरा करना है। कंपनी ने इसे देश में विकसित ड्रोन तकनीक और स्वदेशी इंजीनियरिंग क्षमताओं की महत्वपूर्ण पुष्टि बताया है। कंपनी के दुर्गेश शुक्ला और रोशनी शुक्ला ने बताया कि नभ रक्षक की यह उपलब्धि कंपनी के लिए गर्व का क्षण है। कठिन इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर परिस्थितियों में ड्रोन का सफल प्रदर्शन इस बात का संकेत है कि भारत में विकसित तकनीक लगातार अधिक चुनौतीपूर्ण सैन्य जरूरतों के अनुरूप तैयार हो रही है। लक्ष्य अलग-अलग श्रेणियों के ऐसे ड्रोन विकसित करना है, जो घने इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर वातावरण में भी काम कर सकें, जैमिंग का प्रतिरोध कर सकें और अपने निर्धारित मिशन को पूरा कर सकें। इसे "भारत को और मजबूत तथा अधिक सक्षम बनाने में अपना योगदान" बताया है।

# 151 जोड़ो ने पार्थिव महाशिवरुद्राभिषेक कर ॐ नमः शिवाय का जाप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप नंदबाग जोन द्वारा 151 जोड़ो के द्वारा पार्थिव महाशिव रुद्राभिषेक एवं 1000 से अधिक लोगों द्वारा सवा लाख ॐ नमः शिवाय एवं भारत माता पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन सुंदरकांड के द्वारा हुआ।



सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप इंदौर के मीडिया प्रभारी डॉ. आर एन मिश्रा राजाराम तिवारी एवं मुनींद्र पाठक अनिल त्रिपाठी ने बताया कि हिंदू सनातन धर्म के पवित्र श्रावण माह की एकादशी तिथि पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रुप के द्वारा सुखद वर्षा,जन कल्याण के संकल्प को 151 जोड़ो के द्वारा सामूहिक पार्थिव महाशिव रुद्राभिषेख सवा लाख ॐ नमः शिवाय मंत्र जप एवं भारत माता का पूजन किया गया। ग्रुप के रामजीत पाण्डेय शिवकुमार तिवारी लक्ष्मण तिवारी ने बताया कि ग्रुप के द्वारा पिछले 7 वर्षों से लगातार सामूहिक महाशिव रुद्राभिषेक एवं पारिवारिक मिलन कार्यक्रम किया जाता है। महाशिवरुद्राभिषेक ब्राह्मण विद्वानों के द्वारा विशेष मंत्रों के द्वारा करवाया जाता है। इस अभिषेक में सभी जाति धर्म के लोग भाग लेते है। कार्यक्रम में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। सभी ने शिवरुद्राभिषेक कर जन कल्याण एवं सुखद वर्षा के लिए बाबा महादेव से प्रार्थना की। साथ ही सभी ने सामूहिक रूप से सवा लाख ॐ नमः शिवाय मंत्र जप कर भारत माता का पूजन किया। सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप के द्वारा समय समय पर अपने सदस्यों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण,नशा मुक्ति अभियान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ ग्रुप के सदस्यों के लिए शिक्षा रोजगार एवं स्वास्थ्य पर भी काम करने के प्रयास करता रहता है। सभी लोग एक बार दूसरे के सुख दुख में सहभागी भी बनते है। इंदौर उज्जैन देवास महू पीथमपुर धार सहित अन्य जिलों नगर परिषदों में ग्रुप के लाखों लोग निवास करते है। ग्रुप के माध्यम से ही समय समय पर इंदौर रीवा ट्रेन को नियमित करवाने हेतु लगातार मांग भी की जा रही है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर महंत पवन दासजी महाराज विंध्याचल सोशल ग्रुप के अध्यक्ष आरपी शर्मा, दिलीप मिश्रा, केबी दुबे, कमलेश मिश्रा, सौखीलाल मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, योगेश तिवारी, गोकर्ण चतुर्वेदी, धर्मेंद्र मिश्रा, कमल त्रिपाठी, रमेश शर्मा, इन्द्रिका तिवारी, अनूप शुक्ला, सुभाष दुबे, श्रवण मिश्रा, गौतम तिवारी, लवकुश मिश्रा, अशोक पटेल, सुरेश पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

इंदौर ने फिर रचा इतिहास

# रेवती रेंज पर 13 लाख 10 हजार 12 पेड़ों की गिनती कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

## "दो साल पहले पौधे लगाने वाले इंदौरवासी आज उन्हीं पेड़ों को देखकर खुशी से भर उठे, यह मेरे लिए भावुक क्षण है" – मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय







- एक स्थान पर लाखों पौधे लगाकर दो वर्ष में उन्हें वृक्ष बनाने का विश्व कीर्तिमान
- वर्ष 2024 में रेवती रेंज पर एक दिन में लगाए गए थे 12 लाख 41 हजार से अधिक पौधे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर ने एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। रविवार, 9 अगस्त को रेवती रेंज में लगाए गए पौधों की गणना के बाद 'एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' ने रेवती रेंज पर वर्तमान में 13 लाख 10 हजार 12 वृक्ष होने की घोषणा की। एक ही स्थान पर लाखों पौधे लगाकर उनका दो वर्षों तक संरक्षण करते हुए उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करने का यह विश्व कीर्तिमान है।

वर्ष 2024 में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में इंदौरवासियों ने रेवती रेंज पर एक दिन में 12 लाख 41 हजार से अधिक पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। पौधारोपण के बाद पौधों के संरक्षण और देखरेख के लिए रेवती रेंज में नर्सरी भी विकसित की गई, ताकि किसी पौधे के नष्ट होने की स्थिति में उसके स्थान पर तत्काल नया पौधा लगाया जा सके। वर्ष 2025 में भी इंदौरवासियों द्वारा रेवती रेंज पर एक लाख पौधों का रोपण किया गया।

### दो वर्ष तक पौधों के संरक्षण की हुई सूक्ष्म जांच

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री अंतिम जैन ने कहा कि एक ही स्थान पर एक साथ लाखों पौधे लगाना और दो वर्षों तक उनका संरक्षण कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर निगम तथा इंदौरवासियों के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्व कीर्तिमान के लिए विशेष रूप से यह सूक्ष्मता से जांच की गई कि वर्ष 2024 में रेवती रेंज पर रोपे गए पौधों में से कितने पौधे सुरक्षित एवं जीवित हैं। गणना और सत्यापन की प्रक्रिया के बाद रेवती रेंज पर 13 लाख 10 हजार 12 वृक्ष होने की पुष्टि की गई।

### इंदौर देश को देगा हरित क्रांति का संदेश

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 9 अगस्त का दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम में विशेष महत्व रखता है। इसी दिन भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज हुआ था। उन्होंने इस अवसर पर सभी क्रांतिकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि पेड़ साक्षात शिव के समान हैं। वे विष रूपी कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन रूपी अमृत प्रदान करते हैं। इसलिए जब हम एक पेड़ लगाते हैं, तो मानो एक शिव मंदिर का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि इंदौरवासियों ने रेवती रेंज पर 12 लाख 41 हजार से अधिक पौधे लगाकर लाखों शिवालयों के निर्माण का पुण्य कार्य किया है। उन्होंने सभी इंदौरवासियों का अभिनंदन किया। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा 7 अगस्त से रेवती रेंज पर वृक्षों की गणना की जा रही थी। उन्होंने कहा कि हमने टीम से कहा था कि संख्या कम हो तो हमें बता देना और अधिक हो तो प्रमाण-पत्र देना। उन्होंने कहा कि इन पौधों को वृक्ष बनाने में नगर निगम और विशेष रूप से जनकार्य समिति प्रभारी श्री राजेंद्र राठौड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौरवासियों ने मिलकर शहर को क्लीन बनाया है और अब इसे ग्रीन बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "एक पेड़ माँ के नाम" का संकल्प लिया है और इंदौरवासियों ने इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का दृढ़ निश्चय किया है। इस वर्ष इंदौर में 21 लाख पौधों के रोपण का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का अभियान प्रत्येक रविवार को जारी रहेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने नागरिकों से अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि रेवती रेंज पर पौधा भी उपलब्ध रहेगा और पौधारोपण के लिए गड्ढा भी पहले से तैयार मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों ने क्रांति का झंडा थामकर देश को आजाद कराया था। आज हमें भी संकल्प लेना है कि समाज के दुश्मन प्रदूषण को समाप्त करने के लिए वृक्ष लगाकर इंदौर में एक नई क्रांति पैदा करेंगे और देशभर में हरित क्रांति का संदेश देंगे।

### पर्यावरण संरक्षण हमारी संस्कृति का हिस्सा

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वृक्षारोपण के संकल्प को मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने रेवती रेंज पर पूर्ण करने का कार्य किया है। पर्यावरण संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि माँ अहिल्या की नगरी इंदौर क्लीन भी है और ग्रीन भी है।

### ग्रीन एरिया को 9 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का संकल्प

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह इंदौर का सौभाग्य है कि देश में क्लीन सिटी के रूप में पहचान बनाने वाले शहर को अब ग्रीन सिटी बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए शहर के ग्रीन एरिया को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में पहले वर्ष एक लाख, दूसरे वर्ष 5 लाख, तीसरे वर्ष 51 लाख, चौथे वर्ष 13 लाख और पांचवें वर्ष 21 लाख वृक्षारोपण के संकल्प के साथ अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री भार्गव ने कहा कि युवा का विलोम वायु होता है और वायु का संबंध हनुमान जी से है। उन्हें विश्वास है कि युवा अपनी शक्ति और ऊर्जा के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान को जन-आंदोलन बनाएंगे तथा दुनिया को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई राह दिखाएंगे।

### रेवती रेंज के फल उद्यान से अगले 10 वर्षों में नगर निगम को होगी आय

जनकार्य समिति प्रभारी श्री राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि रेवती रेंज में इस वर्ष एक लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आज 51 हजार पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के लिए 51 हजार गड्ढे तैयार किए गए। इसके लिए 400 मजदूरों, 6 ट्रैक्टर, 2 पोकलेन और 4 जेसीबी मशीनों की सहायता ली गई। उन्होंने बताया कि बीएसएफ की रिक्त भूमि पर भी वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत रेवती रेंज पर पौधों की सहायता से प्रधानमंत्री श्री मोदी की तस्वीर तैयार की जा रही है, जिसे ड्रोन और हेलिकॉप्टर से भी देखा जा सकेगा। श्री राठौड़ ने बताया कि रेवती रेंज में विकसित किए जा रहे फल उद्यान से आगामी 10 वर्षों में नगर निगम को आय प्राप्त होना प्रारंभ हो जाएगी।

### उत्कृष्ट योगदान के लिए हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जनकार्य समिति प्रभारी श्री राजेंद्र राठौड़ का श्री बी.एल. संतोष द्वारा सम्मान किया गया। सेना के लिए जवानों को प्रशिक्षण देने के कार्य में सहयोग के लिए श्री जितेंद्र फौजी को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। वृक्षारोपण अभियान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने वाले इन्फ्लुएंसर श्री आदेश सोनी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सुश्री सावित्री ठाकुर, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष श्री श्रवण चावड़ा, भाजपा नेता श्री संजय शुक्ला, श्री अक्षय कांति बम, श्री विशाल पटेल, इंदौर प्रभारी श्री रविंद्र रावत, पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं, स्कूलों एवं महाविद्यालयों के 12 हजार से अधिक नागरिकों ने वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता की।

---

## 350 पाव देशी मदिरा तथा अवैध भांग फैक्ट्री से 40 किलोग्राम भांग एवं पिसाई मशीन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में 9 अगस्त को आबकारी गश्त टीम द्वारा विश्वसनीय मुखबिर की सूचना के आधार पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी संबंधी कार्रवाई की गई। संयुक्त आबकारी टीम द्वारा वृत्त पलासिया क्षेत्र के बड़ी ग्वालटोली एवं विनोबा नगर में कार्रवाई की गई। बड़ी ग्वालटोली स्थित एक आवासीय मकान से आरोपी अजय पिता राम गुलाम खेतवास के कब्जे से देशी मदिरा बरामद की गई। इसी प्रकार विनोबा नगर स्थित आवासीय मकान से आरोपी तनु बड़ा सी पत्नी विवेक खेतवास के कब्जे से भी देशी मदिरा बरामद की गई। दोनों स्थानों से कुल 350 पाव देशी मदिरा जब्त कर आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में ली गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 एवं धारा 45 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

संयुक्त आबकारी टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र की सुतार गली में एक आवासीय मकान में अवैध रूप से संचालित की जा रही भांग निर्माण इकाई पर भी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 40 किलोग्राम भांग एवं एक भांग पिसाई मशीन जब्त की गई। मामले में आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में कुल 350 पाव देशी मदिरा, 40 किलोग्राम भांग एवं एक भांग पिसाई मशीन जब्त की गई। जब्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य लगभग एक लाख 55 हजार रुपये है।

# अगले दो महीने में प्रारंभ होगी भोपाल से शारजाह तक डायरेक्ट इंटरनेशनल फ्लाइट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अगले दस साल में देश में 100 नए एयरपोर्ट बनाएंगे : केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में रविवार को एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू के साथ मध्यप्रदेश में चार नई सीधी हवाई सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर इनका शुभारंभ किया। भोपाल-रीवा, भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता सीधी हवाई सेवाओं से प्रदेश के विंध्य और महाकौशल अंचल को राजधानी भोपाल तथा पूर्वी भारत के प्रमुख महानगर कोलकाता एवं पटना से सीधा हवाई संपर्क मिला है। मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने भोपाल से रीवा तक जाने वाली अलायन्स एयर की नवप्रारंभ फ्लाइट के यात्रियों को बोर्डिंग पास भी वितरित किए। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से रीवा की इसी फ्लाइट में बैठकर रीवा के लिए रवाना हुए।



चार नई हवाई सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर राजा भोज विमानतल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार का "ऐतिहासिक दिन" बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज मध्यप्रदेश के विकास और नागरिक सुविधाओं को नए पंख लग रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपालवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अगले दो महीने के भीतर भोपाल से शारजाह तक सीधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए तेजी से काम कर रही है। बीते तीन साल में ही प्रदेश में रीवा, सतना और दतिया के रूप में तीन नए एयरपोर्ट प्रारंभ हो गए हैं। उज्जैन और शिवपुरी में भी नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट्स बनाने की मंजूरी दे दी है। इसमें सबसे पहले सिंगरौली में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो साल में ही दस से अधिक रूट पर हवाई सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हवाई कनेक्टिविटी का लाभ प्रदेश के सभी अंचलों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में ही एयर एम्बुलेंस सर्विस प्रारंभ हुई है। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई हेली सेवा प्रतिदिन चल रही हैं और इसमें पच्चयानवें प्रतिशत आकोपेंसी दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय प्रदेश में हवाई सेवाएं सीमित थीं और सुविधाएं नगण्य थीं, लेकिन आज एक साथ चार नई उड़ानों का शुरू होना बदलते मध्यप्रदेश और बदलते भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का सबसे बड़ा लाभ समय की बचत के रूप में सामने आएगा। भोपाल-रीवा के बीच सप्ताह में चार दिन, जबकि भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ानें संचालित होंगी। वर्तमान में इन शहरों के बीच सड़क अथवा रेल मार्ग से यात्रा में कई घंटे तक लगते हैं, जबकि सीधी हवाई सेवा से यही दूरी महज दो से ढाई घंटे में ही तय की जा सकेगी।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सिविल एविएशन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2016 में 'उड़ान' योजना के माध्यम से 'उड़े देश का आम नागरिक' के संकल्प के साथ छोटे शहरों और आम नागरिकों तक हवाई सेवाओं की पहुंच बढ़ाई गई। पिछले वर्षों में देश में करीब 90 नए एयरपोर्ट विकसित हुए हैं और विमानों के बेड़े और हवाई यात्रियों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# एनजीओ महिलाकर्मी के साथ दरिंदगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पांढुरना, एजेंसी।** जिले के सौंसर इलाके में महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़, शारीरिक शोषण और ब्लैकमेलिंग का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत के मुताबिक, पीड़िता नगर पालिका में एक एनजीओ के माध्यम से स्वच्छता अभियान में कार्यरत थी। काम के दौरान ही आरोपियों ने उसे अपनी हवस और साजिश का शिकार बनाया। पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए थाने में चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई। महिला ने आरोपियों पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। वारदात में शामिल दो आरोपियों पर महिला का शारीरिक शोषण और छेड़छाड़ करने का आरोप है। वहीं, दो अन्य आरोपियों पर पीड़िता को डराने-धमकाने, समाज में बदनाम करने की धमकी देने और ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप हैं। आरोपी लगातार पीड़िता पर मानसिक दबाव बना रहे थे।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

# ट्रेन से कटा राजस्थान का आरपीएफ जवान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी।** प्रदेश के हरदा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान आरपीएफ कॉन्स्टेबल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। कॉन्स्टेबल के शरीर के 2 टुकड़े हो गए। कमर के नीचे से दोनों पैर अलग हो गए। प्राइवेट पार्ट में भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसा रविवार दोपहर करीब 3:45 बजे हुआ। मृतक की पहचान लोकेश कुमार के रूप में हुई है। वह राजस्थान के रहने वाले थे। लोकेश प्लेटफॉर्म पर फिसल गए थे। इसी दौरान वे लोकमान्य तिलक-गोरखपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 20103) की चपेट में आ गए। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा अचानक हुआ। प्लेटफॉर्म पर जवान का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था। घटनास्थल पर खून के छींटे और शव के टुकड़े बिखरे हुए थे। हादसे का मंजर देखकर यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

# कई जिलों में बरसा पानी, मंडला में नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में रविवार को कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। मंडला में नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी, जबकि डिंडौरी में भारी बारिश के बाद सोमवार को नर्सरी से 12वीं तक सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। डिंडौरी में कच्चा मकान गिरने से 7 साल के बच्चे की मौत हो गई। भोपाल समेत बालाघाट, विदिशा, हरदा, नरसिंहपुर और अन्य जिलों में भी रुक-रुककर बारिश हुई।**



डिंडौरी में शनिवार रात 9 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक करीब 6 इंच बारिश दर्ज की गई। कई इलाकों में पानी भर गया। कच्चा मकान गिरने से राजा (7) की मलबे में दबकर मौत हो गई। नर्मदा नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा है और किनारे बसे 7 परिवारों को रैन बसेरा में शिफ्ट किया गया है। भारी बारिश को देखते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने 10 अगस्त को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। आदेश सीबीएसई, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय और अनुदान प्राप्त स्कूलों पर भी लागू रहेगा। शिक्षक और अन्य कर्मचारी विद्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

## सावन के दूसरे सोमवार पर प्रदोष काल में विशेष आराधना

# उज्जैन में महाकाल का पंचामृत अभिषेक ओंकारेश्वर में बाबा का महाश्रृंगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। भगवान शिव को प्रिय सावन महीने के दूसरे सोमवार पर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर में भस्म आरती के लिए मंदिर के कपाट तड़के 2:30 बजे खोले गए। सभा मंडप में शिव के गण वीरभद्र के कान में स्वस्ति वाचन कर आज्ञा ली गई, फिर चांदी का पट खोलकर कर्पूर आरती की गई। नंदी हॉल में नंदी का स्नान, ध्यान और पूजन किया गया।**

जल से भगवान महाकाल का अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। रजत



चंद्र, त्रिशूल, मुकुट और आभूषणों के साथ भांग, चंदन और ड्रायफ्रूट का श्रृंगार कर भस्म चढ़ाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ फूलों की माला धारण कराई गई। फल और मिठाई का भोग लगाया गया। वहीं, तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग का महाश्रृंगार करने के बाद महाभोग लगाया गया। आज सावन सोमवार के साथ प्रदोष का संयोग भी बना है। इसके चलते मध्य प्रदेश के शिवालयों में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना है। उज्जैन में पिछले सोमवार को 6.13 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए थे।

# संपादकीय

## 4,000 किलोमीटर दूर तक भारत की मजबूत 'अग्नि-धाक'

भारत ने परमाणु क्षमता वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया है। ओडिशा के चांदीपुर तट से स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड (SFC) ने यह परीक्षण किया। करीब 4,000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली अग्नि-4 भारत की रणनीतिक ताकत में अहम भूमिका निभाती है। यह मध्यम दूरी और अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों के बीच की क्षमता को पूरा करती है। अग्नि-4 करीब 4,000 किलोमीटर तक लक्ष्य भेद सकती है। इस लिहाज से यह करीब 2,000 किलोमीटर रेंज वाली अग्नि-2 और 5,000 किलोमीटर से ज्यादा रेंज वाली अग्नि-5 के बीच की अहम कड़ी है। मिसाइल परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के पेलोड ले जाने में सक्षम है। यह भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। अग्नि-4 की रेंज भारत को चीन के बड़े रणनीतिक क्षेत्रों तक पहुंच की क्षमता देती है। इसके अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और मध्य एशिया के कुछ हिस्से भी इसकी पहुंच में आते हैं। इस क्षमता से भारत की क्षेत्रीय रणनीतिक स्थिति और मजबूत होती है। अग्नि-4 दो चरणों वाले सॉलिड-प्रोपेलेंट सिस्टम से लैस है। यह करीब 1,000 किलोग्राम तक पेलोड ले जा सकती है। इसे मोबाइल टैंडम लॉन्चर से दागा जा सकता है। इससे मिसाइल को तेजी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर तैनात करने में मदद मिलती है। इसकी सर्वाइवेबिलिटी भी बढ़ती है। अग्नि-4 में एडवांस्ड री-एंट्री हीट शील्ड लगी है। यह शील्ड वायुमंडल में दोबारा प्रवेश के दौरान 3,000 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान सह सकती है। इसके बावजूद मिसाइल के अंदर मौजूद इलेक्ट्रॉनिक्स और एवियोनिक्स सामान्य तापमान में काम करते रहते हैं। मिसाइल में एडवांस्ड गाइडेंस सिस्टम और मूविंग नोजल भी लगाए गए हैं। अग्नि-4 की एक बड़ी खासियत इसकी सटीकता है। करीब 4,000 किलोमीटर की दूरी तक इसकी सटीकता 100 मीटर से कम के सर्कुलर एरर प्रोबेबल (CEP) के स्तर पर बताई गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण की सफलता पर SFC और DRDO को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक तकनीक के जरिए देश की सुरक्षा मजबूत करने के भारत के संकल्प को दिखाता है।

### सैर सपाटा

# पेरिस, मालदीव नहीं, Honeymoon के लिए छा रही हैं ये डेस्टिनेशन, यहां आसमान लगता है बड़ा ही खूबसूरत

**अगर आपकी जल्द ही शादी होने वाली है तो आप सोच रहे होंगे कि अपने हनीमून पर कहां इंटनेशनल ट्रिप करें, तो हम आपको भारत के बाहर उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो हनीमून के लिए ज्यादातर कपल की पहली पसंद है। अगर आपको लग रहा हैं, ये डेस्टिनेशन पेरिस, मालदीव, फ्रांस हैं तो ऐसा नहीं है। हनीमून के लिए हम आपको दुनिया के उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो टूरिज्म के मामले में दिन- प्रतिदिन ग्रोथ कर रहा है।**

## ग्रीस

ग्रीस दक्षिणी यूरोप में बसा एक खूबसूरत देश हैं, जो अपने ऐतिहासिक मॉन्यूमेंट्स, खूबसूरत बीचेस, बेस्ट सनराइज और टेस्टी फूड के लिए जाना जाता है। हनीमून के लिए यहां आना बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यहां के बीचेस की गिनती दुनिया के बेस्ट बीच में की जाती है। यहां आ अपने पार्टनर से साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं। वहीं एक्सप्लोर करने के लिए यहां काफी कुछ है। यहां आप एथेंस का एक्रोपोलिस, अपोलो टेंपल, मेटियोरा और कार्फू का पुराना शहर जैसी वर्ल्ड फेमस जगहें हैं। यही नहीं यहां की नाइटलाइफ भी एक शानदार है।



## आइसलैंड



अगर आप हनीमून के लिए ऐसे देश की तलाश कर रहे हैं, जहां जन्नत का एहसास हो तो पहुंच जाइए आइसलैंड। बता दें, आइसलैंड यूरोप और दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक है। यहां के कैफे नाइटलाइफ और सुंदर बीच कपल्स को एक अच्छा और हेल्दी एनवायरमेंट प्रदान करते हैं। वहीं यहां पर नॉर्दन लाइट भी देख सकते हैं। जिसे देखने के लिए यहां आने वाला हर टूरिस्ट बेताब रहता है। बता दें, इसे औरोरा बोरेलिस (Aurora Borealis) कहते हैं, जो एक प्राकृतिक घटना है। इस दौरान आसमान का रंग हरे, गुलाबी और बैंगनी रंग में बदल जाता है।

## बहामास



यदि आप उनमें से हैं जो अपने हनीमून के मोटा बजट बनाकर चल रहे हैं, तो हम आपको कैरेबियन देश बहामास के बारे में बताने जा रहे हैं। अन्य देशों की तुलना में ये डेस्टिनेशन काफी महंगी है, लेकिन यहां आकर आप अपने हनीमून के शानदार पल बीता सकते हैं। सनबाथ लेने के लिए यहां के बीचेस को बेस्ट माना गया है। बता दें, यहां आप अपने पार्टनर के साथ हार्बर आइलैंड, पिग बीच और पैराडाइज आइलैंड को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## हवाई आइलैंड



अगर आपकी नई- नई शादी हुई है, तो हनीमून के लिए यहां आना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हवाई आईलैंड की सुंदरता, शांति और काफी रोमांटिक वाइब आपको यहां मिलती है, जो आपके हनीमून को यादगार बना देगा। बता दें, हवाई आईलैंड सुपर रोमांटिक बीचेस और सुंदर जंगलों के कारण देश और दुनिया में जाना जाता है। इसी के साथ आप यहां आकर एक्टिव ज्वालामुखी भी देख सकते हैं।

## इंटरनेशनल ट्रिप करने से पहले सलाह



अगर आप हनीमून पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं और किसी भी तरह के झंझट से बचने कि लिए जरूरी डॉक्यूमेंट्स रख लें। जिसमें पासपोर्ट- वीजा सबसे जरूरी है। इसी के साथ ऊपर बताए गए किसी भी देश में ट्रैवल करने से पहले रिसर्च जरूर कर लें। इसी के साथ अपने रुपए दूसरे देश की करेंसी में बदलना न भूलें।

New Delhi

# डिफेंस सेक्टर में भारत का बज रहा डंका, रक्षा कंपनियों के पास इतना काम कि नए ऑर्डर की जगह नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी) रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। देश की सार्वजनिक रक्षा कंपनियों को लगातार नए ऑर्डर मिल रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पहली बार 9 सरकारी कंपनियों के पास पांच लाख करोड़ से ज्यादा के ऑर्डर बुक हो चुके हैं। स्थिति यह है कि अब ये कंपनियां कोई नया ऑर्डर नहीं ले पा रही हैं।**

रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के पास सबसे ज्यादा 260960 करोड़ के ऑर्डर आए हैं। इनमें वायुसेना, नौसेना के लिए विमानों के निर्माण के अलावा मौजूदा



विमानों के रखरखाव और हेलीकाप्टरों के निर्माण का काम शामिल है। इन ऑर्डर को पूरा करने में एचएएल को आठ से नौ साल का समय लग सकता है। यानी, अगर अब एचएएल को और कोई ऑर्डर मिला तो वह उस पर 10 साल बाद काम शुरू कर सकेगा। दूसरा विकल्प यह होगा कि कंपनी नया कारखाना शुरू करे।

दूसरे नंबर पर भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (बीईएल) के पास 73400 करोड़ के ऑर्डर हैं। यह तीनों सेनाओं के लिए रक्षा उपकरणों का निर्माण करता है जिनमें रडार, मिसाइल से जुड़े कल-पुर्जे, रक्षा संचार सिस्टम आदि शामिल हैं। वहीं, सेनाओं के लिए विभिन्न श्रेणियों के वाहन बनाने वाले भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) को 16395 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं।

Jammu

**जम्मू में बड़ा हादसाः**

## 'वीरांगना' प्रोजेक्ट के बच्चों से भरी मेटाडोर पलटी, 30 घायल, दो की हालत नाजुक



**जम्मू, (एजेंसी) शहर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सामने फ्लाईओवर पर रविवार रात करीब सवा नौ बजे बच्चों से भरी मेटाडोर पलट गई। मेटाडोर में 'प्रोजेक्ट वीरांगना' के तहत तीन महीने का प्रशिक्षण पूरा करने वाले 30 बच्चे सवार थे। ये मुबारक मंडी से वापस जेडीए हॉस्टल लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया जिसमें सभी बच्चों को चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए जीएमसी जम्मू पहुंचाया गया। दो बच्चों की हालत नाजुक है।**

शक्ति उद्घोष फाउंडेशन ने सेवा भारती और एनएचपीसी के सहयोग से 'प्रोजेक्ट वीरांगना' के तहत कार्यक्रम करवाया। स्वतंत्रता दिवस से पहले रविवार को प्रशिक्षण पूरा होने पर बाहु फोर्ट से मुबारक मंडी तक तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में प्रशिक्षु शामिल हुए। रैली के बाद बच्चों को मेटाडोर से जेडीए हॉस्टल वापस ले जाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मेटाडोर की रफ्तार तेज थी। हालांकि हादसे का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। चोटिल बच्चों को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया जहां दो की हालत नाजुक बताई गई। शेष को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। उनके परिजन को भी सूचना दे दी गई।

New Delhi

## हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह के साथ शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत का तिरंगा देश का गौरव है और हमेशा



राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। पीएम मोदी ने कहा कि लोग हर घर तिरंगा आंदोलन में उत्साह से भाग लें और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के अपने सामूहिक संकल्प को फिर मजबूत करें। उन्होंने यह बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट के जरिए कही। हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हुई थी। इसके बाद यह हर साल होने वाला राष्ट्रीय अभियान बन गया है। हर स्वतंत्रता दिवस पर करोड़ों नागरिक स्वेच्छा से अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं।

Rajasthan

## 'गाढ़ी कमाई' को चट कर गई दीमक

**बालोतरा, (एजेंसी)** राजस्थान के बालोतरा जिले से एक बेहद ही दिल दुखा देने वाली खबर सामने आई है जहां एक किसान की 'गाढ़ी कमाई' को दीमक ने चट कर दिया। दरअसल, किसान ने 5 लाख रुपये में अपनी जमीन बेची थी और उस पैसे को चोरों से बचाने के लिए जमीन के नीचे गाड़ दिया था, लेकिन वह पैसे गाड़कर भूल गया और फिर उसे उन पैसों को ढूंढने में एक साल लग गया। सालभर बाद जब वो 5 लाख रुपये मिले तो 500 के एक-एक नोट को दीमक ने खा लिया।

यह मामला बालोतरा जिले के पचपदरा तहसील का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मांगीलाल मेघवाल ने साल भर पहले अपनी जमीन का एक टुकड़ा बेचा था जिसके बदले उसे 5 लाख रुपये मिले थे। मांगीलाल का यह विचार था कि इस पैसे से वह अपने खेत में एक कमरा बनवा लेगा, लेकिन उसे डर था कि इस पैसे को कहीं कोई चुरा न ले या फिर ये पैसा खर्च न हो



जाए, इसलिए उसने इस पैसे को एक पॉलिथीन में बांधकर अपने खेत में ही गाड़ दिया, लेकिन वह बाद में भूल गया कि उसने पैसे कहां गाढ़े हैं। पैसों की खोजबीन लंबे समय तक करने के बाद आखिरकार उसे सालभर बाद वह पैसे जमीन के नीचे से मिल गए, लेकिन जब मांगीलाल ने उस पॉलिथीन को खोला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दरअसल, 5 लाख रुपये की राशि को दीमक खा गई। 500-500 का एक-एक नोट दीमक ने खा लिया।

खेल

# भारत ने 6 विकेट से जीता वार्म-अप मैच

**कोलंबो, (एजेंसी)** कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर खेले गए तीन दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका क्रिकेट XI के खिलाफ 6 विकेट से एकतरफा जीत हासिल की। टेस्ट सीरीज की शुरुआत से ठीक पहले मिली इस जीत ने भारतीय खेमे का हौसला काफी बढ़ा दिया है। अब टीम इंडिया जीत के साथ टेस्ट सीरीज में एंट्री लेगी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका क्रिकेट XI की शुरुआत काफी मजबूत रही। सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का ने तेजी से रन बनाते हुए 66 रन जड़े, जबकि रविंदु रसंता ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 71 रनों की पारी खेली। मध्यक्रम में कप्तान सोनल दिनुशा ने भी 52 रनों का अहम योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर वापसी करने की कोशिश की, जिसमें स्पिनर कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और मानव सुथार ने 2-2 विकेट हासिल किए। श्रीलंका क्रिकेट XI ने 90 ओवरों में 8




विकेट खोकर 363 रन बनाए और अपनी पहली पारी घोषित कर दी।

जवाब में उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद टीम की कमान संभाल रहे केएल राहुल ने पारी को संभाला। लेकिन असली आकर्षण देवदत्त पडिक्कल की शानदार बल्लेबाजी रही, जिन्होंने नंबर 3 पर आते ही मैदान के चारों तरफ बेहतरीन शॉट्स खेले। पडिक्कल ने 18 चौकों की मदद से नाबाद 142 रनों की शतकीय पारी खेली। उनका साथ ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने निभाया, जिन्होंने 63 रन बनाए। निचले क्रम में मानव सुथार के 41 रन और गुरनूर ब्रार की 18 गेंदों में 36 रनों की तूफानी पारी के दम पर भारत ने 90 ओवरों में 6 विकेट पर 357 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की।

अपनी दूसरी पारी में श्रीलंका क्रिकेट XI ने 45 ओवरों में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए। उनकी ओर से निशान मदुश्का (63) और निपुण धनंजय (46) ही टिककर खेल सके। भारतीय स्पिनरों रवींद्र जडेजा (2 विकेट) और तेज गेंदबाज गुरनूर ब्रार (2 विकेट) ने मेजबान टीम पर दबाव बनाए रखा। श्रीलंका क्रिकेट XI ने अपनी दूसरी पारी घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी की नाकामी को पीछे छोड़ते हुए महज 46 गेंदों में 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 61 रन ठोके। वहीं चोट से वापसी कर रहे कप्तान शुभमन गिल ने भी आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाते हुए 44 रनों का योगदान दिया। अंत में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बल्ले से हैरान कर देने वाला प्रदर्शन किया और मात्र 15 गेंदों में 4 छक्कों और 1 चौके की मदद से नाबाद 32 रन कूटकर भारत को 45 ओवरों में ही 4 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाकर 6 विकेट से धमाकेदार जीत दिला दी।

सिनेमा

## 73 के शकील नूरानी अरेस्ट, 40 साल छोटी एक्ट्रेस का आरोप- वीडियो दिखा कर दुष्कर्म करता था, गर्भनिरोधक गोलियां दीं



90 और साल 2000 के शुरुआती दशक में फिल्में बना चुके निर्देशक शकील नूरानी पुलिस की गिरफ्त में हैं। उन्हें यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सतारा फॉर्म हाउस से गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 12 अगस्त तक शकील नूरानी को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। 73 वर्षीय शकील नूरानी के खिलाफ 33 वर्षीय एक्ट्रेस ने कई आरोप लगाए हैं। निर्देशक को मालवानी पुलिस ने दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक घटना साल 2016 की है, लेकिन केस अब दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, एक्ट्रेस की पहली मुलाकात नूरानी से 2016 में लोखंडवाला में एक अवॉर्ड फंक्शन के दौरान हुई थी। एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि 'बड़े दिल वाला' और 'जोरू का गुलाम' के निर्देशक नूरानी ने उनसे एक अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में बात की और उन्हें काम के लिए उनसे संपर्क करने को कहा। FIR में महिला ने आरोप लगाया कि बाद में वह एक स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए उनके मालवानी स्थित घर पर गईं। शिकायत के मुताबिक, नूरानी ने उन्हें सॉफ्ट ड्रिंक पीने को दिया, जिसके बाद वे बेहोश हो गईं। जब उन्हें होश आया, तो नूरानी ने उन्हें अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो दिखाया और धमकी दी कि अगर उन्होंने पुलिस से संपर्क किया या अपने परिवार को सूचित किया तो वह इसे सर्क्युलेट कर देंगे।

## Highlights

1. Tarun Tejpal's rape conviction bid to silence him, his investigative journalism: Daughter
2. Delhi crosses August's rainfall average in first 8 days
3. Man arrives on bike with 100+ horns during Kanwar Yatra, video shows police seizing it
4. Owaisi criticises move to recite Vedic mantras at IIT-Delhi during PM's event, institute clarifies
5. Govt says Meta must follow Indian law, not just global rules: Report
6. JNU cancels event on Umar Khalid's book over 'non-disclosure of full facts' by organisers
7. Bihar CM announces 4 initiatives to strengthen education system

# How much house can you afford? Why mortgage approval may cost you more than you think



**NEW DELHI, (Agency).** Mortgage approval does not always mean you can comfortably afford the house. The amount a lender says you can borrow and the amount you can comfortably spend on a home can be very different. Lenders mainly look at numbers such as income, debt, credit score and debt-to-income ratios when deciding how much they are willing to lend. But your personal budget also depends on your lifestyle, savings, future plans, spending habits and financial goals.

A lender may approve you for a specific loan amount based on its financial rules. But that number does not automatically mean you should spend that much on a home. A mortgage payment that looks manageable on paper could leave you with very little money for savings, retirement, emergencies or other expenses.

### *How much house can you afford?*

Devon Hawkins, assistant teaching professor of economics at Elon University, said lender approval can create a "false sense of security" about affordability. Hawkins said lenders use statistical formulas, assumptions and averages, but they do not know a buyer's lifestyle, future plans, financial discipline, non-negotiables or risk tolerance. Buyers therefore need to look beyond the approval amount and decide what monthly payment actually works for them, according to USA Today.

Professionals generally suggest spending no more than 30% of income on a mortgage, plus taxes and insurance. But income alone does not decide affordability because existing debt, savings and other costs also matter. Buyers should include payments for student loans, car loans, credit cards and personal loans when calculating their budget. This is why looking only at your salary can give you an unrealistic idea of how much house you can afford.

### *How does a down payment affect your mortgage?*

A down payment is the part of the home's purchase price that you pay upfront at closing. That amount does not have to be financed through the mortgage, so you do not pay mortgage interest on it. A larger down payment means you borrow less money. A smaller loan balance can lead to lower monthly mortgage payments. It can also reduce the total interest you pay over the life of the loan. On conventional loans, putting 20% or more down can also eliminate the need for private mortgage insurance, or PMI, reducing another housing cost, according to USA Today.

Lenders look at your credit score to see how risky it is to give you a loan. Your credit score can affect whether you get a mortgage and what interest rate you pay. A higher credit score may help you get a lower interest rate.

### आदिवासी दिवस की रैली देखने थम गया शहर

# पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ निकले हजारों युवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को इंदौर में आदिवासी समाज की ओर से विशाल रैली निकाली गई। जुलूस में हजारों की संख्या में युवा शामिल हुए। आदिवासी वेशभूषा में सजे युवाओं ने पारंपरिक अंदाज में शामिल होकर अपनी संस्कृति और एकता का संदेश दिया।**



जुलूस सुबह 6 बजे लालबाग परिसर से शुरू हुआ था। इसके बाद यह कलेक्टोरेट चौराहा, पलसीकर चौराहा, सोनकर धर्मशाला चौराहा, सिंधी कॉलोनी चौराहा और टावर चौराहा होते हुए भंवरकुआं चौराहे पहुंचा। यहां से जुलूस राजीव गांधी चौराहे पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। रैली में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के युवा पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। हाथों में झंडे और पारंपरिक वाद्ययंत्र लेकर युवाओं ने उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान आदिवासी संस्कृति, परंपरा और समाज की एकजुटता का संदेश दिया गया। रैली में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता शामिल दीक्षा ने कहा कि एक समय था, जब महिलाएं घर तक सीमित रहती थीं और चूल्हा-चौका ही उनकी जिम्मेदारी माना जाता था। आज महिलाएं अपने हक-अधिकार के लिए सड़कों पर उतरकर आवाज उठा रही हैं और अपने अधिकारों के लिए सरकार के सामने मजबूती से अपनी बात रख रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें उनका हक नहीं मिलेगा, तो उसे हासिल करना भी आता है। अपने अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इंदौर में जंतर-मंतर के समर्थन में आंदोलन खड़ा करने वाले अरुण बड़ोले बोले- विश्व आदिवासी दिवस भारत समेत दुनिया के कई देशों में मनाया जाता है। यह दिवस आदिवासी समुदायों के हक-अधिकार, जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ उनकी रीति-रिवाज और परंपराओं को सम्मान देने का अवसर है। इस दिन आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही, आदिवासी समुदाय जल, जंगल और जमीन के संरक्षण सहित अपने अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर जागरूकता और संघर्ष का संदेश देते हैं।

## क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में दो स्क्रैप व्यापारी

● चोरी की गाड़ियां खरीदकर उनके पार्ट्स और इंजन बेच रहे थे




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने चोरी की गाड़ियां खरीदकर उनके पार्ट्स व इंजन अवैध रूप से बेचने वाले कबाड़ कारोबारी दो आरोपियों पर केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है।**

उनके पास से चोरी की गाड़ियों के 12 इंजन और अन्य पार्ट्स मिले है। जिन्हें टीम ने जब्त किया है। शनिवार को ही टीम ने यहां पर दबिश दी थी, जिसके बाद पूरे मामले की जांच की जा रही थी। क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपियों के नाम अल्ताफ अंसारी और अरशद अंसारी को पकड़ा है। उनकी दौलतगंज रानीपुरा में कबाड़ की दुकान के संचालक हैं। चोरी के दो पहिया गाड़ियों के कलपुर्जे और 12 इंजन (जिसमें से 3 इंजन के नंबर मिटाने के लिए घिसे हुए) थे। इनकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिसके बाद टीम ने स्क्रैप दुकान पर दबिश देकर यहां पर गाड़ियों की जांच की थी। जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और सामान जब्त किया।

## कर्ज के चलते ड्राइवर ने जान दी

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के विदुर नगर में कर्ज से परेशान एक युवक ने जान दे दी। मृतक की पहचान राज चंदेल (30) के रूप में हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था। पुलिस के मुताबिक, राज ने शनिवार रात अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राज को शराब पीने की आदत थी और घटना वाली रात भी उसके शराब पीने की बात सामने आई है। प्रारंभिक जांच में उसके कर्ज में होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच शुरू कर दी है।

## कॉल सेंटर के कर्मचारी ने किया सुसाइड

### गर्लफ्रेंड ने पुलिस को दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाड़िया क्षेत्र में एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वह पांच साल पहले खरीदे गए फ्लैट में अकेला रहता था। उसकी एक गर्लफ्रेंड भी थी। उससे विवाद की बात भी सामने आ रही है, हालांकि परिजनों का कहना है कि वह कुछ समय से मानसिक तनाव में था। वह इंदौर के कॉल सेंटर में काम करता था, लेकिन वह विदेश में रहने वाली अपनी बहन के पास जाना चाहता था। फ्लैट उसके व उसकी बहन के नाम था, इस कारण वह बिक नहीं पा रहा था।**

युवक हर्ष रामपाल ने शनिवार को जहर खाया था। उसकी गर्लफ्रेंड बार-बार उसे कॉल कर रही थी, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। प्रेमिका को शंका हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर देखा तो सोफे पर उसका शव पड़ा था। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और कमरे की तलाशी ली। कमरे में सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने उसका मोबाइल भी जब्त किया है, ताकि यह पता चल सके कि आत्महत्या करने से पहले उसने किन-किन लोगों से बात की है। कोविड के समय हर्ष के माता-पिता का निधन हो गया था। उसने व उसकी बहन ने मिलकर इंदौर में फ्लैट खरीदा था, लेकिन बहन के इंदौर नहीं आने के कारण वह फ्लैट नहीं बेच पा रहा था। वह फ्लैट बेचकर बहन के साथ विदेश में रहना चाहता था। हर्ष के कुछ परिजन इंदौर में रहते हैं, उनका कहना है कि वह उनसे भी ज्यादा बातें नहीं करता था।

## एक ही दिन में पंप मालिक को 90 हजार रुपए की चपत लगा दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके के एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी ने एक ही दिन में पंप मालिक को 90 हजार रुपए की चपत लगा दी। वह यहां काम करने आया था। उसे सुबह नौकरी पर ट्रेनिंग देकर रखा गया था। रात में कलेक्शन के रुपए जमा कराने के दौरान वह फरार हो गया। पुलिस ने मामले में शनिवार को एफआईआर कर आरोपी की तलाश शुरू की है। अन्नपूर्णा पुलिस ने महूनाका स्थित उषाराज पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर आशीष चौहान की शिकायत पर विजय सिंह पुत्र विष्णुसिंह, निवासी फतेहपुर सीकरी, के खिलाफ चोरी के मामले में एफआईआर की है। आशीष ने बताया कि 20 जुलाई को विजय सिंह उनके पास काम के लिए आया था। उसने अपना आधार कार्ड दिया। उसे एक दिन की ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद 21 जुलाई की सुबह उसे नौकरी पर रखा गया। वह सुबह 11 बजे ड्यूटी पर आया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक